प्रकाशनार्थ संवाद विज्ञप्ति
डा० तारा सिंह बिहार सरकार द्वारा पुरस्कृत

बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना के कदम कुआँ प्रांगण में, २२ फरवरी, २००९ ई० को आयोजित एक भव्य समारोह में, सुदीर्घ साहित्य सेवा के लिए डा० श्रीमती तारा सिंह को बिहार सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'साहित्य सेवा सम्मान' से अलंकृत किया गया । सम्मान समारोह के सभाध्यक्ष प्रो० अरुण कुमार, सभापति, बिहार विधान परिषद एवं मुख्य अतिथि माननीय श्री हरिनारायण सिंह,मानव संसाधन विकास मंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र ,शॉल एवं पुरस्कार स्वरूप ११०००/-रुपये का ड्राफ्ट, श्रीमती सिंह को प्रदान किये गये ।

इसी बीच काव्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिए श्रीमती सिंह को, अभिव्यंजना साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, कानपुर द्वारा 'काव्य कुमुद' मानद उपाधि; जैमिनी एकादमी, पानीपत द्वारा 'महाराष्ट्र रत्न सम्मान'; आशा मेमोरियल मित्रलोक पब्लिक पुस्तकालय ,देहरादून द्वारा 'लेखक मित्र' मानद उपाधि एवं शब्द सूर्य साहित्यिक संस्था, ग्वालियर द्वारा उत्कृष्ट रचनाधर्मिता के लिए 'शब्द सूर्य' अलंकरण से सम्मानित किया गया । श्रीमती सिंह को अब तक १२५ राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सम्मानित / पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ है ।

(डा० बी० पी० सिंह)
१५०२ सी क्वीन हेरिटेज़,प्लाट -६,से०-१८,
सानपाड़ा,नवी मुम्बई - ४००७०५